हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026

04 किसानों की 8 सूत्रीय मांगों पर गरजी कांग्रेस, प्लेट कांटे...



05 रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण...





## खबर संक्षेप




### प्रियंका गुर्जर का किया सम्मान

**नलखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्थानीय गुरुकुल कान्वेंट स्कूल की छात्रा प्रियंका गुर्जर पिता अजबसिंह गुर्जर ने वाणिज्य विषय मे 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। प्रियंका की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पहार से स्वागत कर सम्मानित किया गया। छात्रा को परिजनों, शिक्षकों व इष्टमित्रों द्वारा भी बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### बिजली पोल से 5.5 क्विंटल तार चोरी, तीन गिरफ्तार, उपजेल भेजा

**सीहोर।** बिजली पोलों से एल्युमिनियम तार चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उपजेल भैरूंदा भेज दिया गया। कुल जब्ती में करीब 5.5 क्विंटल एल्युमिनियम वायर शामिल है। इसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई। 14 अप्रैल को प्रशांत दरियानी ने थाना शाहगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह एमपीईबी का प्राइवेट ठेकेदार है। उसने बताया कि बकतरा से शाहगंज के बीच उसकी साइट पर पिछले 3-4 माह से विद्युत पोलों पर एल्युमिनियम वायर खींचने का काम चल रहा था। निरीक्षण में कई पोलों से वायर चोरी मिला। आसपास कटे हुए तार भी पड़े थे। गिरफ्तार आरोपियों में उमाशंकर निवासी डूंगरिया, अकरम निवासी बाड़ी, सौरभ चौहान निवासी नेमटोन शामिल हैं।

### रोजगार मेले में 184 युवाओं का प्रारंभ चयन किया

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई द्वारा सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता अनुसार चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 242 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया तथा कुल 184 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया।

### ऑटो चालकों ने बजरंग दल-विहिप के नेतृत्व में मंडी थाने में ज्ञापन सौंपा

# सीहोर के ऑटो चालकों से भोपाल में पूछा जा रहा धर्म, फिर मारपीट और तोड़फोड़

### कुबेरेश्वर धाम की सवारी लाना हो रहा मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजधानी भोपाल की सडक़ों पर गुंडागर्दी का एक ऐसा चेहरा सामने आया है, जिसने भाईचारे और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुबेरेश्वर धाम से श्रद्धालुओं को छोडऩे भोपाल जा रहे सीहोर के ऑटो चालकों का आरोप है कि वहां न केवल उनसे अवैध वसूली की कोशिश की जा रही, बल्कि धर्म और जाति पूछकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट और गाडिय़ों में तोडफ़फोड़ की गई। बता दें घटना तीन दिन पुरानी है, जब कुछ ऑटो चालक कुबेरेश्वर धाम से सवारियां लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन और चिरायु अस्पताल के आसपास पहुंचे थे। पीड़ित चालक का आरोप है कि चिरायु अस्पताल के पास शोएब नाम के एक व्यक्ति और उसके गुर्गों ने सीहोर के ऑटो को जबरन रोका। पहले उनसे सवारियों पर कमीशन मांगा गया और जब चालकों ने विरोध किया तो हमलावरों ने कथित तौर पर उनकी धार्मिक पहचान और जाति पूछी। आरोप है कि शिनाख्त करने के बाद डंडे और पत्थरों से हमला बोल दिया, जिससे ऑटो के कांच फूट गए और चालक घायल हो गया।





#### बजरंग दल का आक्रोश

इस घटना की खबर जैसे ही सीहोर पहुंची हिंदूवादी संगठनों और ऑटो चालकों का गुस्सा फूट पड़ा। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में दर्जनों चालकों ने मंडी थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि भोपाल के गुंडों ने धर्म पूछकर निशाना बनाना बंद नहीं किया तो इसका परिणाम गंभीर होगा। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा अगर हमारे भाइयों के साथ भोपाल में बदसलूकी नहीं रुकी तो सीहोर की सीमा में भी ऑटो का प्रवेश वर्जित कर दिया जाएगा।

#### वसूली का 'भोपाल सिंडिकेट'

सीहोर के ऑटो चालकों का कहना है कि भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफफॉर्म 6 और बैरागढ़ क्षेत्र में यह ग्रुप सक्रिय है। यह बाहरी जिलों से आने वाले वाहनों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली करता है। चूंकि कुबेरेश्वर धाम के कारण सीहोर के ऑटो की आवाजाही बढ़ी है, इसलिए इनकी वसूली बढ़ गई है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।



# 12वीं के टॉपर श्लोक प्रजापति के हाथों से भूमिपूजन करवाया गया

**सीहोर।** शहर के वार्ड क्रमांक 21 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नागरिकों की सुविधा एवं क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए 13 लाख 50 हजार रुपये की लागत से एक सुसज्जित एवं आकर्षक पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि यहां के नागरिकों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण भी प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित स्थान, बुजुर्गों के लिए बैठने एवं टहलने की समुचित व्यवस्था तथा युवाओं के लिए स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका का उद्देश्य है। निर्मित होने वाले इस पार्क में हरियाली विकसित की जाएगी, आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था होगी, बैठने के लिए बेंच लगाई जाएंगी तथा बच्चों के लिए खेल उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही पाथवे का निर्माण कर नागरिकों के लिए मॉर्निंग वॉक एवं व्यायाम हेतु उपयुक्त वातावरण तैयार किया जाएगा। राठौर ने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और गुणवत्ता के साथ सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके।



कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा, राजेश माझी, दिनेश कुशवाहा, नरेंद्र राजपूत, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रजापति कुम्भकार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 अप्रैल को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

श्री मालवी प्रजापति कुंभकार समाज द्वारा छटवां सामूहिक विवाह सम्मेलन बाबा बैजनाथ की पावन नगरी में 21 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसमें 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजन एवं गुरुओ एवं समाजसेवियों द्वारा भी भाग लिया जाएगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन का स्थान मार्केटिंग सोसायटी कॉटन प्रेस पुराना आनंद टॉकीज के सामने छावनी आगर मालवा रखा गया है। समाज के सामूहिक विवाह के इस सम्मेलन में समिति अध्यक्ष कैलाश कुम्भकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच लालसिंह कुम्भकार, बाबूलाल कुम्भकार, भरत प्रजापत मंडल अध्यक्ष, ईश्वर प्रजापति सरपंच,अशोक कुम्भकार, संदीप कुम्भकार उप सरपंच,राधेश्याम कुम्भकार, समस्त समिति के सदस्य एवं कुम्भकार प्रजापति समाज के वरिष्ठ जन एवं युवा उपस्थित होंगे जानकारी मीडिया प्रभारी गोवर्धन कुम्भकार द्वारा दी गई।



### जिलेभर में "पीले चावल आमंत्रण अभियान" चलाया जा रहा

# जिले से 5 हजार अध्यापकों की 18 को भोपाल के जंबूरी में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अध्यापक संयुक्त मोर्चा, जिला सीहोर द्वारा शिक्षकों के हक और अधिकारों को लेकर आंदोलन अब निर्णायक चरण में पहुंचता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में आगामी 18 अप्रैल 2026 को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिलेभर में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

जिला संयुक्त मोर्चा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम केवल एक सभा नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई का मजबूत मंच बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी विकासखंड—सीहोर, आष्टा, इछावर, भैरूंदा एवं बुधनी—में शिक्षक साथियों के बीच लगातार संपर्क कर उन्हें भोपाल पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मोर्चा द्वारा जिलेभर में "पीले चावल आमंत्रण अभियान" चलाया जा रहा है, जो शिक्षकों के बीच एकजुटता और सम्मान का प्रतीक बन चुका है। इस अभियान के तहत शिक्षक एक-दूसरे को पीले चावल देकर कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में यह अभियान तेजी से फैल रहा है और इसे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

मोर्चा पदाधिकारियों के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर बैठकें, संवाद कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आंदोलन की रणनीति और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की जा रही है। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से भी शिक्षकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके प्रदेश में वर्ष 1998 से 2003 के बीच नियुक्त शिक्षक विभागीय नियमों के तहत नियुक्त हुए थे। इसके बाद वर्ष 2005 और 2008 में पात्रता परीक्षाओं के माध्यम से चयन किया गया। वहीं वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षक पहले ही टीईटी उत्तीर्ण कर चुके हैं। मोर्चा का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में टीईटी 2026 लागू करने से प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित होंगे, जिनमें कई शिक्षक पिछले 20 से 22 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। यह निर्णय उनके भविष्य और सेवा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

#### सरकार से पुनर्विचार की मांग

अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने राज्य सरकार से मांग की है कि टीईटी 2026 परीक्षा को तत्काल स्थगित किया जाए और इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए। मोर्चा ने यह भी तर्क दिया कि अन्य राज्यों द्वारा इस विषय पर पुनर्विचार याचिका दायर कर परीक्षा को स्थगित किया गया है, इसलिए मध्यप्रदेश में भी शिक्षकों के हित में ऐसा कदम उठाया जाना चाहिए।

#### 18 अप्रैल को भोपाल में दिखेगी शिक्षकों की ताकत

मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि 18 अप्रैल को भोपाल के जंबूरी मैदान में होने वाला कार्यक्रम शिक्षकों की एकजुटता का बड़ा उदाहरण बनेगा। जिले से हजारों की संख्या में शिक्षक भोपाल पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं संयुक्त मोर्चा ने शिक्षक साथियों से अपील की है कि वे व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाएं और भोपाल पहुंचकर अपनी एकता एवं शक्ति का परिचय दें। मोर्चा ने विश्वास जताया है कि यह आंदोलन न केवल वर्तमान समस्याओं का समाधान करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के शिक्षकों के भविष्य को भी सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अपीलकर्ता सतीश त्यागी,संजय सक्सेना , विश्वजीत त्यागी ,सवाई सिंह परिहार, शिव नारायण गौर,कमल बैरागी, राजेंद्र सिसोदिया, प्रदीप नागिया, बलराम पंवार,राजेंद्र परमार, यशवंत ठाकुर,जीवन सिंह ठाकुर, चंदर सिंह ठाकुर,जागेश्वर भगत, दिनेश मेवाड़ा, जय सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, गोपाल ठाकुर, इंदर सिंह ठाकुर,बद्री प्रसाद मालवीय,मदन परमार, महेश मालवीय,हेमंत मालवीय, रमन तिवारी, राजेश राठौर,मुबारिक खान, महेश राठौर,राजेश्वर तिवारी, अर्जुन सिंह,नरेश मेवाडा, सीता राठौर, नीलू गेहलोत, स्मिता मूंदड़ा, अर्चना शर्मा,अर्चना नामदेव, रेखा वर्मा, दीपाली सेन शशिकला पांडे, महेंद्र सोलंकी,वी पी वर्मा, नरेंद्र सोलंकी, चंदर वर्मा, महेंद्र बाथम,मुकेश मालवीय, रितु तिवारी, शैलेन्द्र चौहान, जितेंद्र कलमोदिया, सम्राट ढोके,आलोक श्रीवास्तव लक्ष्मण बैरागी, आशीष शर्मा, बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित है।

## बिजनेस साइट

### थीमैटिक इन्वेस्टिंग में सिर्फ पक्का विश्वास काफी क्यों नहीं है

**रतलाम।** इन्वेस्टिंग में पक्का विश्वास होना फायदेमंद हो सकता है, लेकिन बिना मजबूती के यह महंगा पड़ सकता है। थीमैटिक इन्वेस्टिंग में हुए कई बड़े नुकसान गलत आइडिया पर दांव लगाने से नहीं हुए हैं। वे सही समय पर सही आइडिया पर दांव लगाने, लेकिन बाद में अपनी रणनीति बदलने से इनकार करने की वजह से हुए हैं।



लोकेश कुमार जैन
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रतलाम

डॉट-कॉम बूम इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। टेक्नोलॉजी साफ तौर पर एक अहम, लंबे समय तक चलने वाला थीम था। इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ रहा था, सॉफ्टवेयर पर खर्च बढ़ रहा था, और इन्वेस्टर्स का मानना था कि भविष्य टेक्नोलॉजी कंपनियों का ही है। 1999 की शुरुआत से लेकर 2000 की शुरुआत के बीच, निफ्टी आईटी इंडेक्स में 700 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त हुई। फिर भी, जब यह बुलबुला फूटा, तो अगले साल इसी इंडेक्स ने बहुत ज्यादा नेगेटिव रिटर्न दिए।

इससे यह सीख नहीं मिलती कि टेक्नोलॉजी एक बुरा थीम था। असल में, अगले दो दशकों में, टेक्नोलॉजी दुनिया भर की ग्रोथ के सबसे अहम इंजनों में से एक बन गई। असली समस्या यह थी कि एक ही जगह पर बहुत ज्यादा पैसा लगा दिया गया था, और यह मानना था कि कोई एक थीम, चाहे उसकी वैल्यूएशन कुछ भी हो या बाजार के हालात बदल रहे हों, हमेशा बेहतर प्रदर्शन करती रहेगी।

यही पैटर्न अलग-अलग सेक्टर्स और साइकिल्स में दोहराया गया है। कमोडिटीज में भी कभी जबरदस्त तेजी का दौर आया, तो उसके बाद अचानक भारी गिरावट भी देखने को मिली। फार्मा, इंफ्रास्ट्रक्चर और बैंकिंग, हर सेक्टर में कभी बहुत ज्यादा उम्मीदों का दौर रहा, तो कभी निराशा का। इन्वेस्टर्स अक्सर तब बाजार में आते हैं, जब उनका आत्मविश्वास सबसे ज्यादा होता है, और तब बाहर निकल जाते हैं, जब उन्हें डर लगने लगता है।

यही वजह है कि थीमैटिक इन्वेस्टिंग में सिर्फ पक्के विश्वास से काम नहीं चलता। इसमें बाजार के हालात बदलने के साथ-साथ अलग-अलग थीम्स के बीच स्विच करने की काबिलियत भी होनी चाहिए। इसके लिए यह पहचानना भी जरूरी है कि कोई सेक्टर कब ओवर-ओन्ड (यानी उसमें बहुत ज्यादा पैसा लग चुका) हो गया है, या कब कोई नया मौका सामने आ रहा है।

एक ऐसी रणनीति, जो अलग-अलग थीम्स के बीच स्विच कर सके, जब वैल्यूएशन बहुत ज्यादा हो जाए तो अपना निवेश कम कर ले, और जब नए मौके सामने आएं तो उनमें निवेश बढ़ा दे, ऐसी रणनीति थीमैटिक इन्वेस्टिंग से लंबे समय तक फायदा उठाने का एक ज्यादा मजबूत तरीका साबित हो सकती है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एग्रेसिव हाइब्रिड एक्टिव एफओएफ (जिसे पहले थीमैटिक एडवांटेज एफओएफ कहा जाता था) एक बहुत ही बढ़िया विकल्प है। 1 अप्रैल, 2026 से लागू सेबी के फंड ऑफ फंड्स के लिए 2025 के अपडेटेड फ्रेमवर्क के मुताबिक, यह फंड इक्विटीज में 65-80 फीसदी और डेट में 20-35 फीसदी निवेश करेगा। यह नया नियम, स्थिरता बनाए रखने के लिए डेट का सहारा लेते हुए, सेक्टोरल, थीमैटिक और मिडध्स्मॉल-कैप ग्रोथ को रणनीतिक तौर पर टारगेट करता है।

दिसंबर 2003 में लॉन्च हुए इस फंड का प्रदर्शन, अलग-अलग अहम समय-सीमाओं में, लगातार (सीएजीआर के संबंध) बना रहा है। 31 मार्च, 2026 तक, फंड ने 3-वर्षीय सीएजीआर 15.11 फीसदी, 5-वर्षीय सीएजीआर 14.91 फीसदी और 10-वर्षीय सीएजीआर 14.47 फीसदी दर्ज किया है।

## बिजनेस साइट

### स्थिरता का थोड़ा सा साथ थीम-आधारित निवेश को कैसे बेहतर बनाता है

**उज्जैन।** कई निवेशकों का मानना है कि उन्हें ग्रोथ और स्थिरता में से किसी एक को चुनना होगा। असल में, सबसे असरदार लंबे समय के पोर्टफोलियो में अक्सर ये दोनों चीजें शामिल होती हैं।



अनूप श्रीवास्तव
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, उज्जैन

जब बाजार सही दिशा में आगे बढ़ रहा हो, तो पूरी तरह से थीम-आधारित निवेश फायदेमंद हो सकता है। लेकिन बाजार में गिरावट के समय यह मुश्किल भी हो सकता है, जब कोई एक सेक्टर या थीम तेजी से नीचे गिरता है। तब निवेशकों को एक जानी-पहचानी समस्या का सामना करना पड़ता है। वे एक लंबे समय की योजना के साथ शुरुआत करते हैं, लेकिन कम समय की उठा-पटक उन्हें भावनाओं में बहकर फैसले लेने पर मजबूर कर देती है।

यहीं पर, तुलनात्मक रूप से स्थिर एसेट्स में सोच-समझकर किया गया निवेश फर्क ला सकता है। एक ऐसा पोर्टफोलियो जो अपने ज्यादातर पैसे इक्विटी-आधारित थीम और सेक्टर में लगाता है, और साथ ही डेट (कर्ज) में भी थोड़ा हिस्सा रखता है, वह तब भी ग्रोथ-आधारित बना रह सकता है। साथ ही, बाजार में तनाव के समय डेट वाला हिस्सा एक सुरक्षा कवच का काम कर सकता है।

इस तरह के तरीके का फायदा सिर्फ कम उठा-पटक होना ही नहीं है। इससे भी ज्यादा जरूरी बात यह है कि यह निवेशक के व्यवहार को बेहतर बना सकता है। एक ऐसा पोर्टफोलियो जो मुश्किल समय में ज्यादा तेजी से नीचे नहीं गिरता, वह निवेशकों के लिए निवेशित बने रहना और सबसे बुरे समय में निवेश से बाहर निकलने से बचना आसान बना सकता है।

इसका एक और फायदा भी है। जब बाजार बहुत ज्यादा गर्म हो जाते हैं और कुछ खास थीम में वैल्यूएशन बहुत ज्यादा लगने लगते हैं, तो डेट में किया गया निवेश आपको लचकता और मजबूती दे सकता है। यह आपको तब इक्विटी में वापस जाने की गुंजाइश देता है, जब बेहतर मौके सामने आते हैं।

इस लिहाज से, स्थिरता आपके रिटर्न में कोई रुकावट नहीं डालती। बल्कि यह भविष्य में मिलने वाले मौकों का एक जरिया बन सकती है।

इसका मकसद यह है कि थीम-आधारित निवेश और सोच-समझकर किए गए डेट निवेश को मिलाकर, बाजार के अलग-अलग दौर में लगातार ग्रोथ हासिल की जाए। इस तरह का फ्रेमवर्क निवेशकों को ग्रोथ हासिल करने का लचीलापन और बाजार के बदलते दौर में भी निवेशित बने रहने की मजबूती, दोनों चीजें देगा।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एग्रेसिव हाइब्रिड एक्टिव एफओएफ (जिसे पहले थीमैटिक एडवांटेज एफओएफ कहा जाता था) इसी बात को दिखाता है। 1 अप्रैल, 2026 से, यह फंड अपने 65-80 फीसदी पैसे इक्विटी में और 20-35 फीसदी पैसे डेट में लगाएगा। यह इसके पिछले फ्रेमवर्क से एक बदलाव है, जिसमें 80-100 फीसदी इक्विटी में और 0-20 फीसदी डेट में लगाए जाते थे। इस तरह यह सेबी के 2025 के फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) के फ्रेमवर्क के मुताबिक हो जाएगा।

इस नए नियम के तहत, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में ग्रोथ के मौकों पर खास तौर पर ध्यान दिया जाएगा, जबकि डेट वाले हिस्से को मजबूत करने का मकसद बाजार की उठा-पटक के खिलाफ एक सुरक्षा कवच देना है। दिसंबर 2003 में लॉन्च किए गए इस फंड ने वेल्थ क्रिएशन के मामले में लॉन्ग-टर्म में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया है। 31 मार्च, 2026 तक, फंड ने 3-वर्षीय सीएजीआर 15.11 फीसदी, 5-वर्षीय सीएजीआर 14.91 फीसदी और 10-वर्षीय सीएजीआर 14.47 फीसदी दर्ज किया है।

**खबर संक्षेप**



## शिविर लगाकर किया 718 का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 15 अप्रैल को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 515 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 203 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी, खरीदी व्यवस्था सुधारने पर जोर, किसानों के लिए विरोध प्रदर्शन जारी

# किसानों की 8 सूत्रीय मांगों पर गरजी कांग्रेस, प्लेट कांटे से तुलाई कराने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कई खरीदी केंद्रों पर प्लेट कांटे की बजाय छोटे कांटों से तुलाई की जा रही है, जिससे छोटे किसानों से प्रति तुलाई 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त गेहूं की कटौती की शिकायतें सामने आई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





तहसील मुख्यालय भैरूंदा में गुरुवार को किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। इसके बाद एसडीएम सुधीर कुशवाह को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

गोपालपुर, लाड़कुई और भैरूंदा ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया। कांग्रेस नेता संजय पटेल हवेली ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में भारी अव्यवस्था व्याप्त है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई खरीदी केंद्रों पर प्लेट कांटे की बजाय छोटे कांटों से तुलाई की जा रही है, जिससे छोटे किसानों से प्रति तुलाई 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त गेहूं की कटौती की शिकायतें सामने आई हैं। कांग्रेस ने मांग की कि सभी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से प्लेट कांटे से ही तुलाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रति खरीदी केंद्र गेहूं खरीदी की सीमा बढ़ाने की मांग भी प्रमुख रही। वर्तमान में 1000 क्विंटल प्रतिदिन की सीमा को बढ़ाकर 3000 क्विंटल करने की मांग की गई, ताकि भीषण गर्मी में किसानों को लंबी कतारों से राहत मिल सके। साथ ही गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि 5 मई से बढ़ाकर 30 मई करने की मांग भी उठाई गई।

स्लॉट बुकिंग और पंजीयन में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर भी प्रशासन को घेरा। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट सत्यापन में गड़बड़ी के कारण कई किसानों का पंजीयन निरस्त हो रहा है, जबकि उनकी गिरदावरी और फसल सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके चलते किसानों को बार-बार ऑनलाइन केंद्रों और तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की कि पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए कंप्यूटर आधारित सत्यापन को ही मान्य किया जाए।

चना खरीदी को लेकर भी किसानों ने परेशानी जताई। पूरी तहसील में मात्र एक ही खरीदी केंद्र होने से किसानों को दूर-दराज तक जाना पड़ रहा है। कांग्रेस ने गोपालपुर, लाड़कुई, सेमलपानी, इटावा-इटारसी और पिपलानी सहित विभिन्न स्थानों पर नए खरीदी केंद्र खोलने की मांग की।

इसके अलावा सोसायटियों में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, ऋण वसूली की तिथि 30 मई तक बढ़ाने, पराली जलाने के मामलों में दर्ज प्रकरण वापस लेने और मूंग खरीदी की तिथि घोषित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष चंदर मीना, सुनील गोल्या, सुभाष पटेल, संजय हवेली, राजकुमार पटेल, द्वारका जाट, संतोष शर्मा, राजेश पटेल, मुकेश पंवार, दुर्गेश पंवार, अंकित पंवार, रामनिवास जाट, विकास शर्मा, राजाराम, संतोष कक्का, अशोक भाटी, सरवर खान, संजय शर्मा, नारायण पंवार, संतराम पंवार, सूरत मकवाना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने किसानों और कांग्रेस प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक भेजा जाएगा और जल्द ही समाधान का प्रयास किया जाएगा। वहीं तहसीलदार सौरभ शर्मा ने कहा कि वर्तमान में किसी भी किसान का सत्यापन लंबित नहीं है, तकनीकी कारणों से स्लॉट बुकिंग में दिक्कत आ रही है, जिसे शीघ्र ही दूर कर लिया जाएगा।

# कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से भी होना चाहिए मजबूतः कार्तिकेय

### गुड़भेला बरखेड़ी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गुरुवार को इछावर विधानसभा क्षेत्र के गुड़भेला बरखेड़ी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं के लिए सोया चौपाल रफीगंज चौराहा स्थित होटल रेडीऐंट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए अतिथियों का मंडल अध्यक्ष नीरज परमार और रामस्वरूप मेवाड़ा ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ उपरांत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह ने बेचारिक अधिष्ठान वेचारिक आधार, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा ने भाजपा का इतिहास, जितेंद्र गोंड ने बुथ प्रबंधन एवं मन की बात, दो गगन नामदेव ने सोशल मीडिया नमो एप, मारुति ससुर ने कार्य पद्धति और बाबूलाल पटेल ने कार्य बिस्तर विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री पंकज गुप्ता, नगर पालिका सीहोर अध्यक्ष प्रिंस राठौर, धारा सिंह पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, युवा भाजपा नेता विष्णु वर्मा, महेश परमार, संदीप वर्मा, बिन्नी अरोरा, गजराज परमार, वरदान मेवाड़ा, नितेश पटेल, ठाकुर प्रसाद मेवाड़ा, शंकर पटेल, बलराज परमार, विवेक राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारवाड़ी महिला संगठन के चुनाव हुए मंजू अग्रवाल अध्यक्ष मनोनीत की गईं







**सीहोर।** मारवाड़ी महिला संगठन महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और राहत कार्यों के माध्यम से समाजसेवा में सक्रिय है। यह संगठन रक्तदान, अंगदान, बाल विकास, पर्यावरण संरक्षण और निर्धन छात्राओं को छात्रवृत्ति जैसी सेवाएं प्रदान करता है। साल भर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके लिए मारवाड़ी महिला संगठन की सभी सदस्यों द्वारा चयन प्रक्रिया सर्वसम्मति गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष मंजू अग्रवाल बयाबरावाले, कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी, सचिव विनीता सोनी, उपाध्यक्ष आभा कसाट सह सचिव, मौना चौरासिया मनोनीत की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया कि संगठन के द्वारा आगामी दिनों में महिला सशक्तिकरण आदि के विषय में शीघ्र ही रूपरेखा बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशिक चुनाव में रजनी बाहेती को संस्कार समिति प्रकल्प प्रमुख चुना गया, प्रमुख प्रकल्प रुठिया, ममता पितलिया, इंदु भावसार, निर्मला व्यास, गीता सोडाणी प्रतिभा झवर, संगीता राठी, राधा शर्मा, सरोज सोनी, किरण सोनी, मंजू भारतीय, ज्योति अग्रवाल, ज्योति रूठिया, मोना चौरसिया संध्या विजयवर्गीय, शशि विजयवर्गीय, राजू पालीवाल ज्योति सोनी सभी सदस्यों की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई और सभी के द्वारा शुभकामनाएं दीं गई।

## प्रतिभाओं का डंकाः एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के दो खिलाड़ियों का भोपाल डिवीजन टीम में चयन



**सीहोर।** खेल जगत में सीहोर की पहचान को मजबूत करते हुए स्थानीय एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। एकेडमी की निशिता विश्वकर्मा और अरब मसीह का चयन प्रतिष्ठित भोपाल डिवीजन टीम में हुआ है। यह सफलता एकेडमी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, क्योंकि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय मंच पर अपनी जगह बनाई है। उनकी सफलता पर कोच अतुल कुशवाहा सहित अन्य ने बधाई दी है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अरब मसीह और निशिता विश्वकर्मा सालों से बीएसआई पर एकलव्य अकादमी में खेलते हुए आ रहे है। चयनित खिलाड़ी आगामी दिनों में विभिन्न शहरों में आयोजित टूर्नामेंट में भोपाल डिवीजन का प्रतिनिधित्व करेंगेः निशिता विश्वकर्मा (सीनियर बालिका वर्ग)ः निशिता के मैच 20 अप्रैल से 23 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित होंगे। वे चंबल, जबलपुर, शहडोल और सागर डिवीजन जैसी मजबूत टीमों के विरुद्ध मैदान में उतरेंगी। इसके अलावा अरब मसीह (अंडर-18 बालक वर्ग) अरब मसीह 19 से 22 अप्रैल तक जबलपुर में रेस्ट ऑफ एमपी के विरुद्ध होने वाले महत्वपूर्ण मैचों में अपनी बल्लेबाजी और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

# बाबा साहब के चल समारोह में जनसैलाब से सामाजिक एकता की दिखी अनुपम झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के पावन उपलक्ष्य में रेहटी की सड़कों पर वैचारिकी का एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। नगर में आयोजित भव्य चल समारोह ने न केवल जन-भागीदारी के नए कीर्तिमान स्थापित किए, बल्कि समाज की सामूहिक कृतज्ञता और संवैधानिक गौरव की एक नई मिसाल भी पेश की।

इस ऐतिहासिक आयोजन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष मुकेश आजाद ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार ही हमारे समाज की असली धरोहर हैं। कार्यक्रम की सफलता में जिला सचिव राम चौहान और जिला उपाध्यक्ष अरुण बरडे की रणनीतिक भूमिका रही, जिन्होंने पूरे चल समारोह को एक अनुशासित और प्रेरक स्वरूप प्रदान किया।

समारोह में विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी गौरवशाली परंपराओं के साथ सहभागिता की, जो सामाजिक समरसता की दिशा में एक सशक्त कदम रहा। समारोह का शुभारंभ तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र जानपुरे और जिला महासचिव सुशील बरखने की गरिमामय उपस्थिति में बाबा साहेब के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं और सामाजिक बंधुओं ने बाबा साहेब के मूलमंत्र ₹पढ़ो, लिखो, संगठित रहो और संघर्ष करो₹ का सामूहिक संकल्प लिया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की अलख जगाने की प्रतिज्ञा की। इस दौरान कोषाध्यक्ष गंगाप्रसाद घनवारे ने संपूर्ण यात्रा के दौरान सुव्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित किया। जब यह चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से निकला, तो हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। विशेष रूप से क्षेत्र के विभिन्न आदिवासी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समापन अवसर पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया, जहाँ सभी ने संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताई। इस ऐतिहासिक क्षण में रेहटी के समस्त ऊर्जावान कार्यकर्ता गण, आदिवासी युवा और प्रबुद्ध नागरिक पूर्ण समर्पण के साथ उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि में गड़बड़ी का लगाया आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुधनी।** विकासखंड में पदस्थ आशा कार्यकर्ताओं ने वार्षिक प्रोत्साहन राशि में अनियमितता का आरोप लगाते हुए एसडीएम एवं अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि शासन द्वारा प्रति वर्ष दी जाने वाली 10,000 रूपये की प्रोत्साहन राशि इस बार उनके खातों में जमा नहीं की गई, जबकि उनसे पहले ही बिल जमा करवा लिए गए थे।

ज्ञापन में बताया गया कि करीब 140 आशा कार्यकर्ताओं से तीन माह पूर्व स्टेशनरी व अन्य खर्चों के बिल लिए गए थे और जल्द भुगतान का आश्वासन दिया गया था अब अधिकारियों द्वारा यह कहा जा रहा है कि सामाग्री उच्च स्तर से खरीदी गई है, इसलिए राशि नहीं दी जाएगी। कार्यकर्ताओं ने अन्य विकासखंडों, विशेषकर आष्टा में राशि वितरण होने का हवाला देते हुए भेदभाव की आशंका जताई है उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी मेहनत की राशि रोकी जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा लंबित राशि शीघ्र जारी करने की मांग की है ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य विभाग और जिला कलेक्टर को भी भेजी गई है पहले आशा कार्यकर्ता बीएमओ डॉक्टर डी बडोदिया से मिलीं परन्तु उन्होंने सीएमएचओ से मिलने की बात कही। एसडीएम डीएस तोमर ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन दिया है जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

## भव्यता से मनाई सेन महाराज की जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी नगर में श्री सेन जी 'महाराज जयंती बडे ही हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में आकर्षक शोभायात्रा ( चल समारोह) निकाली गर्ड. जो नगर के विभिन्न मा्गोंसेहोते हुए बागबान गार्डन पहंची ।

शोभायात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फल वर्षा कर स्वागत किया। नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के महिला एवं परुष उपस्थित रहे, जिन्होंने 'पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभार्ड । बागबान 'गार्डन में आयोजित मुख्य समारोह में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक बंधओ ने बढ़-चढकर भाग लिया और श्री सेन जी महाराज के जयकारों ' से वातावरण गंजायमान हो उठा। इसके पश्चात मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जहां समाजजनों ने आपसी स्नेह एवं एकता का संदेश दिया । अंत में स्नेहभोज का आयोजन किया गया. जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस प्रकार यह संपर्ण आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं भाईचारे के वातावरण में सफलतापवक संपन्न हआ।

कार्यक्रम में समाज ' के कश शिल्पी यनियन रेहटी 726वी जंयती अध्यक्ष अतुल सेन, उपाध्यक्ष अशोक सेन ( कोसम वाले) मुकेश सेन( वकील साहब ) आशीष सेन, विजय सेन, लक्ष्मीनारायण सेन,राकेश सेन, कर्मेंद्र सेन मकेश सेन. धीरज सेन, पर्व अध्यक्ष अशोक सेन 'रामेश्वर सेन, रामविलास जी सुन्दरलाल , संजय सेन , दयाराम .भीम सिंह. केवल राम 'मोहन लाल शिवनारायण, अनिल लखनलाल, रेवाशकर, देवी दयाल के सहित गणमान्य नागरिकों मौजूद सहैं।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित इलाज के लिये निर्देश दिए। पीएम राहत योजना के तहत चिकित्सालयों में पीड़ितों के इलाज की कैशलैस योजना के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिये पुलिस, परिवहन, एनआईसी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकरियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में जानकारी दी गई कि पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दुर्घटना की तिथि से 07 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। जीवन को खतरा नहीं होने की स्थिति में अधिकतम 24 घंटे तथा गंभीर मामलों में अधिकतम 48 घंटे तक स्टेबलाइजेशन उपचार प्रदान किया जाता है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायलों को मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दियें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाए तथा ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन का प्रस्ताव भी भेजा जाए। सड़क दुर्घटनाएं रोकने हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनके रेक्टिफिकेशन की कार्रवाई निरंतर की जाए और प्रत्येक माह दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में दो ब्लैक स्पॉट कम हुए हैं।

## विश्वनाथपुरी में आज होगा भव्य भंडारे का आयोजन, उमड़े रहे भक्तजन

# भक्त परम पद पा लेता है तो वह संसार के माया मोह बंधनों से मुक्त हो जाताःउद्धवदास महाराज





केवट ने प्रभु राम की स्वर्ण मुद्रांक लौटकर यह संदेश दिया कि जब भक्त परमपद को पा लेता है तो वह संसार के माया बंधनों से मुक्त हो जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी परिसर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान महंत उद्धवदास महाराज ने भगवान श्रीराम और केवट का सुंदर प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। केवट के यह कहने पर कि प्रभु तुम्हारी और हमारी जाति एक ही है बस अंतर इतना है कि मैं लोगों को गंगा पार करवाता हूं और आप जीवात्माओं को भावसागर पार कराते हो।

मैं गंगा सागर का केवट हूं और आप संसार सागर के केवट हो। निःसंदेह वनवासी केवट ने प्रभु राम की स्वर्ण मुद्रांक लौटकर यह संदेश दिया कि जब भक्त परमपद को पा लेता है तो वह संसार के माया बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहाकि भगवान के काम के लिए हमें यदि संसार की निंदा और तिरस्कार भी सहन करना पडे तो हमें खुद को सौभाग्यशाली समझना चाहिए, बहुत कम लोग परहित के लिए अपने माथे पर दोष लेते हैं। रामायण में जिस कैकेयी को सबकी बुराई और अपमान सहन करना पडा, उस कैकेयी ने प्रभु की इच्छा से ही वनवास भेजने का कलंक अपने माथे पर लिया। भगवान केवल रावण को मारने के लिए वन नहीं गए बल्कि केवट, निषाद, शबरी, जटायु, सुतीक्ष्ण जैसे भक्तों के लिए वन गए जो सहस्त्र वर्षो से मन में प्रगाढ विश्वास लिए भगवान के दर्शन की राह देख रहे थे। भगवान के इस काम में कैकेयी ने उनकी सहायता की, यदि कैकेयी नहीं होती तो संसार और भक्तों का कल्याण नहीं हो पाता इसलिए कैकेयी निंदनीय नहीं बल्कि वंदनीय है। आजकल बुराई का जमाना है, लोगों को परनिंदा करने में बहुत सुख मिलता है। निन्दा करने से सामने वाले के पाप तो नष्ट हो जाते हैं किन्तु निन्दा करने वाले के खाते में जुड़ जाते है। इसलिए सबसे अच्छाई ही देखे, बुराई का दर्शन न करें।

## खबर संक्षेप



### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**ललितपुर।** जनपद में अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं एएसपी कालू सिंह व सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बरीकला निवासी लकी राजा पुत्र गोपाल सिंह को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में थाना तालबेहट पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

### राशन बांटने में देरी पर कोटेदार की पिटाई

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जिजयावन में राशन वितरण के दौरान समय को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने कोटेदार पर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी-डंडों और लात-घूंसों से की गई इस मारपीट में कोटेदार के दो दांत टूट गए और उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम जिजयावन निवासी हरी सिंह (41) गांव में राशन का कोटा चलाते हैं। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे जब वह अपनी दुकान पर थे, तभी गांव के ही दातार सिंह, रजपाल सिंह, शिशुपाल सिंह और अभिषेक वहां पहुंचे और राशन की मांग करने लगे। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने राशन मांगने आए लोगों से कहा कि अभी मशीन नहीं चल रही है, 2 बजे मशीन चलने पर राशन दे दिया जाएगा। इतनी सी बात पर आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। कोटेदार को जमीन पर पटक कर लाठी-डंडों से इतना पीटा गया कि उनके दो दांत टूट गए और चेहरे व हाथ में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जाते समय उसे जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर में पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त दबंगों ने उसकी निजी जगह पर जबरन भूसा रखकर कब्जा कर रखा है। जब भी कोटेदार इसका विरोध करता है, तो ये लोग उसे डराते-धमकाते हैं। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की।

### कोतवाली पुलिस ने 2 बाइक चोर पकड़े

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने मुखबिर सूचना पर घेराबंदी कर शरद उर्फ ऋतिक अहिरवार (22) और राकेश अहिरवार (18) को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख कीमत की 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया।

### दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या मामले में 6 को आजीवन कारावास

**विदिशा।** कुरवाई न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने नवविवाहिता फिजा बी की आत्महत्या के मामले में छह आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास सजा सुनाई है। फिजा बी का विवाह 26 जून 2024 को शाहरुख के साथ हुआ था। विवाह के बाद ससुराल पक्ष के दिलशाद खां, फिरोज बी, तबस्सुम बी, जुबेर शाह, तस्लीम बी और शाहरुख खान द्वारा दहेज में बाइक की मांग को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। 25 जनवरी 2025 को फिजा बी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुरवाई पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई गई।

## साप्ताहिक परेड का एसपी ने निरीक्षण किया, निर्देश दिए

# रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण कर उनकी दक्षता का आकलन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर पुलिस बल की कार्यक्षमता और अनुशासन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण कर उनकी दक्षता का आकलन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड और तालमेल की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। इसके बाद उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित विभिन्न शाखाओं शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन और कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और संसाधनों की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं डायल-112 के पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण करते हुये वाहनों की साफ-सफाई, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल सहित अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित और सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश देते हुए रिस्पॉन्स टाइम बेहतर करने पर जोर दिया गया। इसके पश्चात आयोजित अर्दली रूम में विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा विभागीय कार्यवाहियों, शिकायतों और लंबित पत्रावलियों की समीक्षा कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही परेड में शामिल पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील भारद्वाज, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चंद्र सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित

### स्टेशन पर यात्री का मोबाइल चोरी, एफआईआर दर्ज

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की सुरक्षा के दावों के बीच चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ट्रेन का इंतजार कर रहे एक यात्री का मोबाइल अज्ञात चोर ने पार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले के थाना बार अंतर्गत ग्राम कपासी निवासी सौरभ सेन पुत्र रामसेवक सेन ने जीआरपी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मंगलवार (24 मार्च) को यात्रा के लिए ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुँचा था। शाम करीब 6.40 बजे वह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर बैठा हुआ था और अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उसका ध्यान भटकते ही किसी अज्ञात चोर ने उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। सौरभ ने काफी देर तक आसपास मोबाइल की तलाश की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन मोबाइल का कहीं पता नहीं चला। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल जीआरपी थाने पहुँचकर मामले की जानकारी दी। जीआरपी ने पीड़ित सौरभ सेन की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

### खोए हुए मोबाइल लौटाकर जाखलौन पुलिस ने लौटाई मुस्कान




थाना जाखलौन पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए दो खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ितों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सिटी सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना जाखलौन पर जनसुनवाई/पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण कर त्वरित कार्रवाई की। भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर जानकारी अपलोड कर तकनीकी विश्लेषण और विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त डाटा के आधार पर दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल में सैमसंग और वनप्लस कंपनी के फोन शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 29 हजार रुपये बताई गई है। बरामदगी के बाद मोबाइल फोन उनके स्वामियों को नियमानुसार सौंप दिए गए। इस पहल से न केवल पुलिस की तत्परता प्रदर्शित हुई, बल्कि आमजन में विश्वास भी मजबूत हुआ।

## गर्मी में 46 एमएलडी पानी आपूर्ति

# नपा ने 1.74 लाख लोगों तक पहुंचाई पेयजल की सुविधा

⏩ जिलाधिकारी के निर्देशन में चल रहे इस विशेष अभियान के तहत शहर के अधिकांश वार्डों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

⏩ जिन ऊंचाई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होती है, वहां नगर पालिका द्वारा टैंकरों से निशुल्क पेयजल वितरण किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

भीषण गर्मी और लगातार गिरते जलस्तर के बीच नगर पालिका परिषद एवं जल संस्थान द्वारा शहरवासियों को पेयजल संकट से राहत देने के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में चल रहे इस विशेष अभियान के तहत शहर के अधिकांश वार्डों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पाइपलाइन के माध्यम से नगर क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 45 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे करीब 26 वार्डों के लगभग 1.74 लाख लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 7 नलकूपों एवं 2 ओपन वेल के माध्यम से करीब 1 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति कर लगभग 5 हजार लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस प्रकार कुल मिलाकर प्रतिदिन लगभग 46 एमएलडी पानी शहरवासियों तक पहुंचाया जा रहा है। नगर के ऐसे क्षेत्र जहां पाइपलाइन सुविधा उपलब्ध नहीं है या ऊंचाई के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित होती है, वहां नगर पालिका द्वारा टैंकरों के माध्यम से निशुल्क पेयजल वितरण किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से टैंकर भेजे जा रहे हैं। जिन वार्डों में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है, उनमें खिरकापुरा, गांधी नगर, आजादपुरा, सिविल लाइन और चौबयाना सहित कई क्षेत्र शामिल हैं, जहां आवश्यकता के अनुसार टैंकरों के फेरे लगाए जा रहे हैं। नगर क्षेत्र में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। कुल 196 खराब हैंडपंपों में से 71 को ठीक कर दिया गया है, जबकि शेष हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य तेजी से प्रगति पर है। वर्तमान में 706 हैंडपंप पूरी तरह से क्रियाशील हैं, जिससे आमजन को अतिरिक्त जल स्रोत उपलब्ध हो रहे हैं। पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में चौबीस घण्टों के लिए कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। कंट्रोल रूम के दूरभाष जारी किए गए हैं, जिन पर नागरिक अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों द्वारा लगातार फीडबैक लेकर जलापूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अनुसार, भीषण गर्मी के इस दौर में जल संस्थान एवं नगर पालिका की टीमों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न हो। अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी कर प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

## पांच लाख की मांग करने का आरोप

# रंगदारी न देने पर प्लांट संचालक के भाई को तमंचे के बल पर धमकाया

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिलगन रेलवे फाटक के पास एक प्लांट संचालक के भाई से तमंचे की नोक पर 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है।

आरोपियों ने पूर्व में हुए विवाद का हवाला देते हुए युवक के साथ मारपीट की और 15 दिन के भीतर रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मैनवारा निवासी बलराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भाई सौरभ सिंह का सिलगन रेलवे फाटक के पास राधे ट्रेडर्स के नाम से प्लांट है। बीती 24 मार्च को रामकुमार यादव व अन्य ने उनके भाई सौरभ के साथ मारपीट की थी, जिसमें सौरभ का हाथ टूट गया था। भाई के घायल होने के कारण वर्तमान में प्लांट की देखरेख बलराम सिंह कर रहे हैं। बलराम सिंह के अनुसार, 3 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे जब वह प्लांट की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में ग्राम बानौली निवासी रामकुमार यादव अपने एक अज्ञात साथी के साथ आया। आरोप है कि रामकुमार ने हाथ में तमंचा लेकर बलराम को रोका और गाली-गलौज करते हुए कहा कि तेरे भाई के हाथ-पैर तो तोड़ दिए हैं, अब तेरी बारी है। आरोपियों ने प्लांट चलाने के बदले 5 लाख रुपये की मांग की। जब बलराम ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और धमकी दी कि यदि 15 दिन के भीतर पैसों का इंतजाम नहीं किया, तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इस घटना के बाद से पीड़ित का परिवार काफी डरा हुआ है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी रामकुमार यादव और उसके साथी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## विरोध करने पर मारपीट की गई

# तेईस साल पहले खरीदी जमीन को फर्जी बेनामा से कब्जाने का प्रयास

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम जखौरा में धोखाधड़ी और जालसाजी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक दबंग ने 23 साल पहले जिस जमीन को बेच दिया था, उसे ही दोबारा दूसरे के नाम लिखकर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर पीड़ित के साथ मारपीट की गई। एसीजेएम न्यायालय महरौनी के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

ग्राम जखौरा निवासी भैयालाल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने और उसके भाइयों ने 2 मई 2003 को गांव के ही लल्लू से उसकी आराजी संख्या 1078 (रकवा 0.377 हेक्टेयर) का विधिवत रजिस्ट्रर्ड बैनामा कराया था। इस सौदे में हरी दास गवाह था। तभी से प्रार्थी उस जमीन पर काबिज है और खेती कर रहा है। बताया कि 1 फरवरी 2026 को जब वह अपने खेत पर था, तब लल्लू, श्रीमती लक्ष्मी, हरी दास, सोबरन और रामसहाय वहां पहुंचे और जमीन खाली करने की धमकी दी। जब भैयालाल ने लल्लू के घर जाकर विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बाद में पता चला कि लल्लू ने धोखाधड़ी और षडयंत्र रचते हुए 10 सितंबर 2025 को उसी जमीन का दोबारा बैनामा लक्ष्मी के नाम कर दिया है। पीड़ित का आरोप है कि थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई, तो उसने एसीजेएम महरौनी की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर महरौनी पुलिस ने आरोपी लल्लू, लक्ष्मी, हरीदास, सोबरन और रामसहाय के खिलाफ मुकद्दमा पंजीकृत किया है।

## रात 11 बजे युवक घर जा रहा था

# जातिसूचक शब्द कहकर युवक की पिटाई, बाप-बेटे पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

महरौनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को रास्ते में रोककर न केवल जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया, बल्कि विरोध करने पर उसे जमकर पीटा भी।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। महरौनी के मुहल्ला लुहरयाना निवासी कुनाल पुत्र विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार (15 अप्रैल) की रात करीब 11 बजे वह अपने घर जा रहा था। जब वह कंकन महाराज के मकान के पास पहुँचा, तभी पड़ोस में रहने वाले प्रशान्त शर्मा और उनका पुत्र निशान्त शर्मा उर्फ ईलू वहां आ गए। आरोप है कि दोनों ने बिना किसी वजह के कुनाल को रोक लिया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अभद्र गालियां देने लगे। जब कुनाल ने इसका विरोध किया, तो दोनों ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसे काफी चोटें आई हैं। हमलावरों ने युवक को धमकी दी कि यदि उसने इस घटना के बारे में किसी को बताया, तो वे उसे जान से मार देंगे। पीड़ित ने बताया कि आरोपी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और अक्सर लोगों के साथ मारपीट करते रहते हैं। घटना के बाद पीड़ित ने रात में ही अपना मेडिकल परीक्षण कराया और अगले दिन थाने पहुँचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। महरौनी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जिला न्यायालय की छुट्टियों में फेरबदल किया

# बुद्ध पूर्णिमा व खेलकूद के लिए दो दिन का अवकाश घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह-सप्तम द्वारा प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए न्यायालय के अवकाश कैलेंडर में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों और स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए मकर संक्रांति के बदले अब बुद्ध पूर्णिमा पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसके अलावा, न्यायिक अधिकारियों की स्पोर्ट्स मीट के कारण अप्रैल माह में भी दो दिनों की छुट्टी रहेगी।

### बुद्ध पूर्णिमा पर रहेगा अवकाश

पूर्व में मकर संक्रांति के अवसर पर घोषित स्थानीय अवकाश को अब स्थानांतरित कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और जिला बार एसोसिएशन की सहमति के बाद, अब 01 मई 2026 को बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में जनपद न्यायालय, बाह्य न्यायालय महरौनी और ग्राम न्यायालय तालबेहट में स्थानीय अवकाश रहेगा। इस छुट्टी के बदले 22 अगस्त 2026 (चौथा शनिवार) को न्यायालय और कार्यालय सामान्य दिनों की तरह कार्य करेंगे।

### स्पोर्ट्स मीट के लिए दो दिन बंद रहेंगे न्यायालय

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, न्यायिक अधिकारियों की स्पोर्ट्स मीट का आयोजन होने जा रहा है। इसके कारण 24 अप्रैल शुक्रवार और 25 अप्रैल (चौथा शनिवार) को न्यायालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

### इन शनिवारों को खुले रहेंगे कोर्ट

अप्रैल में होने वाले दो दिन के अवकाश की भरपाई के लिए भविष्य के दो कार्यदिवस निर्धारित किए गए हैं। आदेश के अनुसार आगामी 24 अक्टूबर और 28 नवंबर (दोनों चौथे शनिवार) को जनपद मुख्यालय ललितपुर सहित महरौनी और तालबेहट के सभी न्यायालय एवं कार्यालय यथावत खुले रहेंगे। यह जानकारी जनपद न्यायाधीश द्वारा सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी गई है।

# अक्षय तृतीया पर रजवारा सम्मेलन में 51 कन्याओं का विवाह होगा

**ललितपुर।** क्षेत्र के रजवारा (राजगौण दरबार) में आगामी 20 अप्रैल को एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्रीश्री 1008 श्री सिद्धगुरु महाराज की असीम कृपा से यहां 51 आदर्श सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं भाजपा नेता गन्धर्व सिंह लोधी बाबूजी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। इस वर्ष यह आयोजन 20 अप्रैल 2026, सोमवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रखा गया है। आयोजकों के अनुसार, यह चतुर्थ आदर्श विवाह सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों की कन्याओं का विवाह सादगी और शुचिता के साथ संपन्न कराना है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गन्धर्व सिंह लोधी बाबूजी (पूर्व क्षेत्रीय मंत्री, भाजपा किसान मोर्चा, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र) हैं। उनके साथ ही सौरभ सिंह लोधी (पूर्व प्रधान, सतवासा) एवं अन्य गणमान्य नागरिक इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम स्थल सिद्धगुरु महाराज, रजवारा (राजगौण दरबार) में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सर्वजातीय होने के कारण इस सम्मेलन में विभिन्न समुदायों के लोग हिस्सा लेंगे, जो सामाजिक समरसता का एक अनूठा उदाहरण पेश करेगा। आयोजकों ने क्षेत्र की जनता से इस मांगलिक अवसर पर पधारकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देने की अपील की है। जानकारी या पंजीकरण के लिए आयोजन समिति द्वारा जारी संपर्क नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

## पत्रकारों के नए संगठन ने जिले में नई ऊर्जा का संचार किया

# उपज संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर सुरेश कौंते मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



जिले के पत्रकारों की एक बैठक होटल कैलाश इन में संपन्न हुई। बैठक में जिले में पत्रकारों के एक मजबूत संगठन की आवश्यकता पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि अनिल शर्मा ने उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की स्थापना की आवश्यकता महसूस की और संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर सुरेश प्रकाश कौंतेय के मनोनयन की घोषणा की। होटल कैलाश इन में जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा की अध्यक्षता और अनिल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जिले के पत्रकारों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से जिले में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की स्थापना कर सुरेश प्रकाश कौन्ते को जिलाध्यक्ष चुना गया। मुख्य अतिथि झांसी मंडल प्रभारी अनिल शर्मा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से 15 दिन में कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन सभी पत्रकारों चाहे वह किसी भी संगठन के हों उनके सम्मान और संरक्षण के लिए संकल्पित रहेगा। निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जिले में पत्रकारों को भयमुक्त वातावरण निर्मित कर उनके उत्पीडऩ पर उनकी मदद करने का संगठन ने संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने जिले के सभी पत्रकारों के बीच सदस्यता अभियान चलाने की अपील की। जिलाध्यक्ष सुरेश कौंतेय ने कहा कि शीघ्र ही सभी तहसीलों के सदस्यता प्रभारी बनाकर सदस्यता दिलाई जाएगी। बैठक में मो.हबीब खान, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, प्रमोद गोस्वामी, अरविन्द संज्ञा, जयेश बादल, रमेश श्रीवास्तव, रमन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जिला बार एसोसिएशन के सदस्यता अभियान रफ्तार पकड़ी

# अब तक 552 अधिवक्ताओं ने कराया वार्षिक सदस्यता पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक सदस्यता अभियान के तहत अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। एसोसिएशन की मजबूती और संगठन के विस्तार के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान में अब तक कुल 552 अधिवक्ता अपना पंजीकरण कराकर सदस्य बन चुके हैं। जिला बार एसोसिएशन कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने सदस्यता अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान आगामी 20 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद सदस्यता प्रक्रिया पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। संगठन की नियमावली के अनुसार, 20 अप्रैल के बाद किसी भी नए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। जो अधिवक्ता अपनी सदस्यता का नवीनीकरण या नवीन पंजीकरण कराना चाहते हैं, वह समय रहते अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर लें। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि सदस्यता अभियान का मुख्य उद्देश्य बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित करना और अधिवक्ताओं के कल्याणकारी लाभों को सुनिश्चित करना है। सदस्यता प्राप्त करने के बाद ही अधिवक्ता एसोसिएशन की विभिन्न योजनाओं और चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी के पात्र होते हैं। बताया कि अब तक कुल सदस्य 552 है और अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 और प्रक्रिया अधिवक्ता 03 बजे जिला बार एसोसिएशन भवन में कोषाध्यक्ष से कार्यालय में संपर्क कर शुल्क जमा करें। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने जिले के समस्त पात्र अधिवक्ताओं से अपील की है कि वह अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और समय सीमा के भीतर अपनी सदस्यता सुनिश्चित करें, ताकि बाद में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

मेटरनिटी विंग के चिकित्सक का निजी अस्पताल से टाईअप प्रमुख वजह

# मेटरनिटी विंग से निजी अस्पतालों के लिए रेफर की जा रहीं प्रसूताएं

### क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग से पिछले तीन माहों में कई डिलेवरी केस बाहर के अस्पतालों में रेफर किए जा चुके हैं। अस्पताल के रिकार्ड में भले ही इन डिलेवरी केसेज को हमीदिया अस्पताल दर्शाया जाता है लेकिन यहां से रेफर होने के उपरान्त अधिकांश प्रसूती मामलों की डिलेवरी राजगढ़ बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में हो रही है। बताया जा रहा है कि प्रसूती विंग के एक चिकित्सक का टाईअप उक्त निजी अस्पताल से है। यही वजह है कि कुछ नर्सों द्वारा प्रसूताओं के परिजनों को उक्त अस्पताल में सीजर करवाने के लिए बाध्य किया जाता है। चूंकि, संबंधित प्रसूताओं के परिजन भी नहीं चाहते कि इंदौर या भोपाल जाकर सीजर करवाया जाए क्योंकि न इससे केवल उन्हें 50 से 60 हजार रुपए खर्च करने होंगे वहीं समय भी काफी लग जाया करेगा। ऐसे में राजगढ़ के ही निजी अस्पताल में सीजर की सुविधा मिलने के चलते संबंधित प्रसूता के परिजन निजी अस्पताल में ही सीजर करवा रहे हैं।

#### नार्मल केसेज भी इसलिए किए जा रहे रेफर

आपको बतादें कि जिला अस्पताल की प्रसूती विंग से रेफर कईं नार्मल केसेज को गंभीर बताकर रेफर किया गया है। पूर्व में कईं ऐसे मामले सामने आए जिनमें गंभीर मामलों में भी संबंधित प्रसूता की नार्मल डिलेवरी को गई। दरअसल, प्रसूताओं के परिजनों को हाई बीपी, नवजात के पेट में उल्टा होने सहित ऐसे ही अन्य कारण बताकर इतना भयभीत कर किया जा रहा है कि वे मजबूरन उन्हें बाहर ले जाने या राजगढ़ के ही उक्त निजी अस्पताल में सीजर करवाने के लिए बाध्य हो जाते हैं। सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल के चिकित्सक का बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल से टाईअप है। हालांकि, कार्यवाही से बचने दस्तावेजों में उनका नाम सम्मिलित नहीं है। परन्तु हरिभूमि के पास कईं ऐसे वीडियो उपलब्ध हैं जिनमें प्रसूती विंग के उक्त डॉक्टर निजी अस्पताल में आते हैं और जिला अस्पताल से रेफर प्रसूता के सीजर में मदद करते हैं।

#### बदला गया था विंग का पूरा स्टाफ

करीब तीन वर्ष पूर्व मेटरनिटी विंग के स्टाफ द्वारा प्रसूताओं और उनके परिजनों से की जाने वाली पैसों की मांग के चलते तत्कालीन कलेक्टर डॉ. हर्ष दीक्षित ने पूरे स्टाफ को बदल दिया था। उसके बाद कुछ दिन हालात सुधरे लेकिन अब वापस से इस विंग से रुपयों, पैसे लिए जाने की शिकायतें सामने आने लगी हैं।

#### इनका कहना है

जिला अस्पताल का ढर्रा बिगड़ा हुआ है। सीएमएचओ और सिविल सर्जन मनमानी में लगे हुए हैं। प्रसूताओं को निजी अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। अधिकारियों की मनमानी और डिलेवरी मामलों को लेकर मैने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत की है।

**अमरसिंह यादव**, विधायक, राजगढ़

# पूरे जिले में आरंभ हुआ स्व-गणना कार्य 31 मई तक चलेगा जनगणना कार्यक्रम

### आमजन घर बैठे अपने मोबाइल से कर सकते हैं स्व-गणना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत सरकार द्वारा पूरे देश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य आरंभ किया जा चुका है। इसी कड़ी में कल 16 अप्रेल से स्व-गणना आरंभ हुई है। यह कार्य आगामी 30 अप्रेल तक चलेगा एवं इसके उपरान्त 1 मई से 31 मई तक मकान सूचीकरण कार्य आरंभ होगा।

कल से आरंभ हुए स्व-गणना कार्य को कोई भी आमजन घर बैठे अपने मोबाइल से पूर्ण कर सकता है। यहां घबराने की बात बिल्कुल नहीं है क्योंकि अगर आपके हाथ से कुछ गलत फिल हो जाता है तो घर-घर आने वाले प्रंगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे। स्व-गणना के पहले दिवस कईं आमजनों सहित जनप्रतिनिधयों द्वारा घर बैठे स्व-गणना करते हुए एसई आईडी प्राप्त की गई। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजौरे ने आमजनों से अपील की है कि स्व-गणना कार्य में सहयोग प्रदान करें।

#### ऐसे कर पाएंगे स्व-गणना

स्व-गणना के लिए आपको आधिकारिक पोर्टल एसई डॉट सेन्सस डॉट जीओवी डॉट इन पर जाना होगा। साइट खुलने पर अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी द्वारा लॉग इन करना होगा। इसके उपरान्त डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें। मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरें। सबमिशन के बाद आपको एर्सई आडी मिलेगी। इस आईडी का स्क्रीन शॉट लेकर सुरक्षित रखें या यह आईडी आपको मेसेज या ई-मेल के द्वारा भी सबमिशन के तुंरत बाद भेजी जाएगी। प्रंगणक आपके घर आएंगे तब उन्हें यह एसई आईडी प्रदान करें। इसके उपरान्त प्रंगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे।

## एडवांस्ड किड्स एकेडमी ने रचा इतिहास कक्षा 10वीं में 100% रहा परीक्षा परिणाम



**जीरापुर।** एडवांस्ड किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10वीं) में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए , गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत का यह परिणाम है। विद्यालय में सबसे सर्वाधिक 94.2 प्रतिशत अंक अंजलि दांगी ने प्राप्त कर विधालय में प्रथम स्थान हासिल किया। यश्वी गुप्ता (93:), पियूष मोदी (92.8:), हरिओम राठौर (91.6:), सत्यनारायण राठौर (89.8:) चंचल गुप्ता (89.6:) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय को गोरवान्वित किया। प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा समस्त शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। शैक्षणिक क्षेत्र में विधालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, 12वीं में शिवम के 96%



**जीरापुर।** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र शिवम गिरी ने कक्षा 12वीं में जिले की मेरिट सूची में सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिवम गिरी की इस बेहतरीन उपलब्धि पर संस्था की ओर से उसके पिता एवं छात्र को विधालय मे फूल माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्यों ने और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। संस्था की ओर से छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है! छात्र ने बताया कि मेरे विधालय के शिक्षकों ने जो अच्छी पढ़ाई कराई उसी का परिणाम है साथ ही मेरे परिवार ने शैक्षणिक कार्य में हमेशा सहयोग किया। विद्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार , प्राचार्य दिनेश गुर्जर , डायरेक्टर शिव दांगी , कृपाल सिंह सोलंकी , अंकुश भावसार, जितेंद्र गुप्ता ,डा. बीएल गुर्जर ने उपस्थित होकर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की!

## मेहनत और लगन से हासिल की सफलता विद्यालय और परिवार में खुशी की लहर



**खुजनेर।** पालीवाल पब्लिक हाई स्कूल ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नगर का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा जिया पिता राजेष गुप्ता ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान हासिल किया। जिया ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार, विद्यालय और पूरे नगर में खुशी का माहौल है। प्राचार्य धर्मेंद्र व्यास ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणामों की उम्मीद जताई है।

## विजया कॉन्वेंट स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम मोहित नरबान ने जिले में टॉप किया



**जीरापुर।** विजया कॉन्वेंट स्कूल सीबीएसई कक्षा10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे नगर और जिले का नाम रोशन किया। छात्र मोहित सिंह नरबान ने सर्वाधिक अंक 97.8: प्राप्त कर जिला स्तर की टॉप सूची में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी रही। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में अरविंद राठौर 97.2: , शिवांश भावसार 96.6: , आकांक्षा शर्मा 96.2: , गिरिराज सिंह नरबान 95.8: , यथार्थ शर्मा 95.4: , चहल मित्तल94: , उर्वशी गुप्ता 92.4: , अक्षिता गुप्ता 91.6: , आयुध पुष्पद 90.4: , मीरा शर्मा 90: , सारांश गुप्ता 90: रहे।विद्यालय मैनेजर जोस कण्डूर, प्राचार्य बेबी पाथोस, उप-प्राचार्य रवि राठौर, प्रो. मोहमद कुरैशी, शिक्षक जीतू , हेडमिस्ट्रेस मौली सहित समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीबीएसई के जिला को-ऑर्डिनेटर ने साझा की जानकारी

# द्वितीय परीक्षा प्रणाली: कक्षा 10वीं के विद्यार्थी किन्हीं तीन विषयों की पुनः परीक्षा दे सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) द्वारा बुधवार शाम कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सीबीएसई से संबद्ध जिले के कुल 25 स्कूलों को मिलाकर 96.4 प्रतिशत परिणाम रहा है।

सीबीएसई डिस्ट्रिक को-ऑर्डिनेटर ए. साहा ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं की परीक्षा में लगभग 1600 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। उन्होंने बोर्ड द्वारा पूर्व में घोषित द्वितीय परीक्षा प्रणाली के संबंध में बताया कि इसके तहत विद्यार्थी यदि चाहें तो तीन विषयों में पुनः परीक्षा दे सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को अपने संबंधित विद्यालय में 3 दिवस के भीतर सूचना देना अनिवार्य होगा। विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों का चयन कर सकते हैं। द्वितीय बोर्ड परीक्षा का पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा के समान ही रहेगा। यदि कोई विद्यार्थी द्वितीय बोर्ड परीक्षा हेतु आवेदन करता है, परंतु परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति में वर्तमान घोषित परीक्षा परिणाम को ही मान्य माना जाएगा। जो विद्यार्थी अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे इस अवसर का लाभ ले सकते हैं।

#### जिले की मेरिट सूची में इन्होंने पाया स्थान

जिले की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले बच्चों में श्यामसुंदर गुप्ता 97.8 प्रतिशत स्वामी विवेकानंद स्कूल राजगढ़, दीपिका सिसोदिया 97.8 मास्टरमाइंड स्कूल, सारंगपुर, मोहित सिंह नरबन 97.8 विजय कॉन्वेंट स्कूल, आदित्य कुमार 96.8 ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, अदिति निगम 96.2 केंद्रीय विद्यालय राजगढ़, अथर्व नागर 96.2 प्रोविडेंस कॉन्वेंट स्कूल, सुदिति यादव 96 प्रज्ञा सागर स्कूल नरसिंहगढ़, अभिनव सेन 96 प्रतिशत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अद्या शर्मा 96 प्रतिशत सेंट जोसेफ स्कूल नरसिंहगढ़ शामिल हैं।

# कमला बस ने मार दी किसान को टक्कर, 500 मीटर घसीटा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार सुबह सब्जी मंडी जा रहे एक किसान को तेज रफ्तार कमला बस ने टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 16 तलेनी निवासी गोरीलाल भिलाला 50 वर्ष गुरुवार सुबह अपने घर से साइकिल पर सब्जी मंडी जा रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर-पाडल्या रोड के सामने पुराने एबी रोड पर इंदौर से गुना की ओर जा रही कमला बस ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद बस चालक ने वाहन नहीं रोका और गोरीलाल को लगभग 500 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। बाद में बस को थाने के सामने खड़ा कर दिया गया। इस हादसे में गोरीलाल भिलाला गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान उनकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# पक्षियों को बचाने एनएसयूआई के कार्यकर्ता पेड़ों पर बांध रहे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भीषण गर्मी में बैजुबान पक्षी प्यासे न रहें इसके लिए विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों द्वारा पेड़ों सहित अन्य अनुकूल स्थानों पर सकोरों(जलपात्र) बांधे जा रहे हैं।

इसी कड़ी में अखिल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ(एनएसयूआई) द्वारा भी पक्षी जल सेवा अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, शासकीय दफ्तरों, धार्मिक स्थलों पर पक्षियों के लिए पानी के सकारे लगाने का कार्य करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनएसयूआई पदाधिकारी जगमोहन वर्मा के नेतृत्व में कईं कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में पाने की सकोरे बांधे गए। इसके साथ ही कॉलेज के प्रोफेसर सहित अन्य कर्मचारियों को इन सकोरों में प्रतिदिन पानी भरने का संकल्प दिलवाया गया। एनएसयूआई ने संगटन के कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से अपील की है कि वे भी अपने घर, दुकान या आसपास एक सकोरों रखकर बैजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने में अपना योगदान दें।

कालीसिंध किनारे कहासुनी के बाद हो गई झड़प

# पुरानी रंजिश में दो पक्ष भिड़े, क्रॉस केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में बुधवार रात्रि को पुरानी रंजिश के चलते एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किला गेट निवासी सज्जाद अली की शिकायत पर शकील पिता शहजाद, अमन पिता शकील, मुन्ना पिता शकील, दानिश पिता रईस, गोलू पिता रशीद, रेहान पिता इमरान, इमरान पिता रशीद, शकील पिता शब्बीर और जॉकी के खिलाफ अपराध क्रमांक 309 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से मोइन अली की रिपोर्ट पर सज्जाद अली पिता सलीम, शादाब पिता सलीम और अब्दुल मलिक पिता गफ्फार अली के विरुद्ध भी अपराध क्रमांक 310 के तहत संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

बताया जा रहा है कि यह विवाद पुरानी आपसी रंजिश के चलते हुआ, जो कालीसिंध नदी किनारे अचानक बढ़ गया और दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद झड़प हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्य सामने आने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पटवा कल्याण बोर्ड गठन की मांग मंत्री टैटवाल को सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** गुरुवार को राज्य मंत्री गौतम टैटवाल के गृह निवास 'सेवा सदन' सारंगपुर में अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर 'पटवा कल्याण बोर्ड' के गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह प्रतिनिधिमंडल समाजसेवी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता राजेन्द्र पटवा के नेतृत्व में पहुंचा। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री का पुष्पहार पहनाकर एवं भाजपा की पट्टिका भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्रीकांत पटवा (इंदौर), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चंद्रकांत पटवा (जबलपुर), प्रदेश महामंत्री मदनगोपाल पटवा (बनखेड़ी-पिपरिया) तथा नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष व मंगल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पटेल (पटवा) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने अपने आधिकारिक लेटर पैड के माध्यम से वर्तमान में संचालित सामाजिक गतिविधियों और उत्थान कार्यों की जानकारी दी। चर्चा का मुख्य विषय पटवा समाज के समग्र विकास के लिए एक समर्पित 'कल्याण बोर्ड' की स्थापना रहा। मंत्री गौतम टेटवाल ने समाज की सराहना करते हुए कहा कि पटवा समाज मेहनती एवं ईमानदार है और राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन में लाने के लिए प्रयास तेज

# साथी हाथ बढ़ाना... 51 बावड़ियों में शुरू हुआ श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत प्रशासन द्वारा जिले के परंपरागत जल-स्त्रोतों के संरक्षण एवं उन्हें पुर्नजीवित करने के प्रयास तेजी से किए जा रह हैं। इसी कड़ी में राजगढ़ सहित विभिन्न जनपद क्षेत्रों में स्थित कुल 51 बावड़ियां चिन्हित की गई हैं जहां साफ-सफाई, मरम्मत, पुताई सहित अन्य आवश्यक सुधार कार्य करवाए जा रहे हैं।

उक्त कार्य में न केवल स्थानीय ग्रामीणों, आमजनों, लोकसेवकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के मैदानी अमले सहित जागरुकजनों का सहयोग भी लिया जा रहा है। राजगढ़ जनपद में 9 बावड़ियां चिन्हित की गई हैं। कुछ बावड़ियों के कार्य पूर्ण हो चुकी हैं वहीं अन्य के कार्य अंतिम चरण में चल रहे हैं। खिलचीपुर की 08 बावड़ियों में ग्राम स्तर पर जनसहभागिता के साथ पुताई, श्रमदान व सफाई कार्य जारी है। इसी तरह नरसिंहगढ़ जनपद में चिन्हित 15 बावड़ियों में से 12 में कार्य प्रगति पर है एवं 03 बावड़ियों में कार्य आवश्यक नहीं पाया गया। जीरापुर जनपद में 02 बावड़ियों, सारंगपुर जनपद में 05 बावड़ियों में साफ-सफाई व अन्य कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं वहीं शेष में रिपेयरिंग व सुधार कार्य जारी है।

#### ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहे जल

इस अभियान की प्रमुख विशेषता जिले में भू-जल स्तर में बढ़ोतरी के साथ ही भू-जल पुनर्भरण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण है। इसके साथ ही परम्परागत जल-स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना भी मुख्य उद्धेष्य है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने जिले के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने क्षेत्र की बावड़ियों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।